नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

ज्ञान शांति मैत्री

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

कबीर हिल पर कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने किया वृक्षारोपन

हिंदी विश्वविविद्यालय में लगाए जाएंगे पांच हजार से अधिक वृक्ष

वर्धा दि. 3 जुलाई 2015: महाराष्ट्र सरकार की शतकोटी वृक्षारोपन योजना के तहत महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के परिसर में विभिन्न किस्म के पांच हजार से अधिक पौधे लगाएं जाएंगे।

इस उपक्रम की शुरूआत शुक्रवार को कबीर हिल पर वृक्ष लगाकर कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की। उन्होंने कहा कि इस मौसम में कबीर हिल और अन्य स्थानों पर नीम, बिहड़ा, सीसम, अमलताश, रिठा, चिंच, आंवला, पिपल, साग एवं बांबू आदि किस्म के पांच हजार से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प विश्वविद्यालय ने किया है। इस योजना को अमली जामा पहनाने के लिए निसर्ग सेवा समिति, बैंक ऑफ इंडिया और वन विभाग का सहयोग लिया जा रहा है। 212 एकड़ में फैले परिसर को हराभरा और पर्यावरण से भरपूर करने की दिशा में हर वर्ष वृक्षारोपन किया जाता है और यही कारण है कि आज विश्वविद्यालय के पूरे परिसर में विभिन्न प्रकार के वृक्ष विकसित हुए हैं। कबीर हिल पर आयोजित वृक्षारोपन कार्यक्रम में निसर्ग सेवा समिति के मुरलीधर बेलखोडे, बैंक ऑफ इंडिया, हिंदी विवि शाखा के प्रबंधक संदीप लोथे, मार्केटिंग अधिकारी विक्रांत घानोकर, विवि के विशेष कर्तव्य अधिकारी नरेंद्र सिंह, जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे, तुषार वानखेडे आदि प्रमुखता से उपस्थित थे। उपस्थितों द्वारा भी वृक्षारोपन किया गया। इस उपक्रम के लिए शक्ति तिरपुडे, विजय मोहर्ले, अंकित गायकवाड़, नितीन बालपांडे, उमेश प्रजापति, सुभाष कांबले, प्रफुल गिरनकर, बुधबावरे आदि कर्मियों ने सहयोग किया।